हस्तशिल्प उत्सव के पोस्टर का विमोचन, 15 डॉम तैयार होंगे

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के रामलीला मैदान में नौ जनवरी से आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के पोस्टर का विमोचन बुधवार को राज्य के संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सर्किट हाउस में किया।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के मुख्य समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया पोस्टर विमोचन के बाद कानून मंत्री जोगाराम पटेल को 9 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले हस्तशिल्प उत्सव पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान शहर विधायक अतुल भंसाली, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक घनश्याम ओझा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य संयोजक घनश्याम ओझा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान की थीम पर आयोजित होने वाले इस मेले का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में करीब 15 लाख लोग शिरकत करते है जहां पर विभिन्न प्रकार की हजारों स्टॉल लगने के साथ ही मेले में अलग अलग विषयों पर उद्यिमयों के लिए सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया कि प्रदेश के सबसे बड़े मेले का यह 34वां संस्करण है जिसके लिए 15 समितियों का गठन किया गया है। सभी समितियां अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जोर शोर से मेले की तैयारियों कर रही है।

इस बार मेले में मजबूत और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। मेले में कुल 15 अलग-अलग डोम बनाए गए हैं और लगभग 714 स्टॉल्स तैयार की गई है। मेले में अलग-अलग साइज की स्टॉल्स तैयार की गई है। वहीं डोम के अलावा भी अन्य उपयुक्त स्थल पर छोटी-छोटी स्टॉल्स लगाई गई है। उन्होंने बताया कि डोम ए और बी में सबसे अधिक 60 स्टॉल्स तैयार की गई है। इस बार मेले में भेंट द्वारका थीम पर 80 गुणा 170 का विशेष डोम तैयार करवाया जाएगा। इस डोम में भेंट द्वारिका के मार्ग की ही तरह सुरंग तैयार की जाएगी और उसमे भेंट द्वारकाधीश का मंदिर भी बनाया जाएगा। इस टनल में प्रवेश करने के साथ ही हर किसी को यह एहसास होगा कि वह भेंट द्वारका की ही यात्रा कर रहा है और इस टनल में समुद्री जीव, वनस्पतियों का भी जीवंत प्रदर्शन होगा।

सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

इंफ्रा कमेटी के कोऑर्डिनेटर दीपक माथुर ने बताया कि मेले में प्रत्येक दिन दोपहर में अलग-अलग विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएंगे वहीं प्रतिदिन शाम को आमजन के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर दो अलग-अलग सेमिनार हॉल तैयार किए गए हैं। एक बड़ा सेमिनार हॉल तैयार किया गया है जिसमें लगभग 700 लोगों के बैठने की क्षमता होगी, वही एक छोटा सेमिनार हॉल तैयार किया गया है जिसमें लगभग 200 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

इंफ्रा कमेटी के कोऑर्डिनेटर राजेंद्र राठी ने बताया कि हर बार सेंट्रल पंडाल मेले का आकर्षण का केंद्र रहता है और मेले में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सेंट्रल पंडाल का अवलोकन जरूर करता है। इस बार भी सेंट्रल पंडाल को बेहद आकर्षक रूप से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल के बीच में 110 गुणा 140 का विशाल सेट्रल पंडाल तैयार किया गया है। इंफो कमेटी के कोऑर्डिनेटर दीपक माथुर ने बताया कि मेले की करीब 220 स्टॉल्स केंद्रीय और केंद्र और प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों के लिए आरक्षित की गई है, जिनमें मुख्य रूप से ईपीसीएच, डीसी हेंडीक्राफ्ट, खादी ठ्रामोद्योग बोर्ड, नाबार्ड, केंद्रीय जूट बोर्ड, केंद्रीय ऊन बोर्ड, प्रमुख है। इंफ्रा कमेटी के महेन्द्र कांकरिया ने बताया कि मेले में प्रवेश द्वार के साथ ही केनोपी में 48 स्टॉल्स लगाई जा रही है। इन सभी स्टॉल पर छोटे-छोटे आर्टिजन को बिठाया जाएगा, जो लाइव अपने उत्पादों का लाइव प्रदर्शन करेंगे।

पाली में दो सड़क हादसों में वृद्ध व युवक घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में दो अलग-अलग हादसों में एक वृद्ध और एक युवक घायल हो गया। दोनों का उपचार के लिए पी के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। घायल वृद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार पाली जिले के मांडा गांव (रोहट) निवासी 48 साल के वागाराम पुत्र राजाराम बाइक से जा रहे थे। इस दौरान चेड़ा गांव के निकट उनके आगे चल रहे पिकअप ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे वे पिकअप से टकराकर गंभीर घायल हो गए। हादसे में उनके सिर और मुंह पर गंभीर चोटे आई।

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जोधपुर रेफर किया गया।

इसी तरह पाली शहर के मंडिया रोड राजीव कॉलोनी में बाइक सवार 25 वर्षी धन्नाराम पुत्र चुन्नीलाल को राजीव कॉलोनी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक से गिर वह घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और घायल धन्नाराम को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर आए। जहां उसका उपचार किया गया।

नववर्ष पर मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान

जोधपुर, (कासं)। नए साल के आगमन पर शहर में आज उल्लास सा माहौल रहा। नववर्ष पर बुधवार को शहर में एक दूसरे को दिनभर बधाई देने का दौर चला। मंदिरों में दर्शन कर खास पूजा अर्चना की गई। अधिकांश लोगों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से नए साल की बधाई दी। कई वाहन चालकों ने अपने वाहनों को रंग-बिरंगें फूलों और गुब्बारों से सजाकर नए साल की खुशियों का इजहार किया।

नए साल पर बधाई देने के लिए सोशल मीडिया हावी रहा। इससे पहले लोगों ने नए साल की पूर्व संध्या पर रात को घरों में केक काटे और व्यंजन बनाकर स्वागत किया। होटलों व रेस्टोरेंटों में हुए नव वर्ष के कार्यक्रमों में भी जोरदार उल्लास देखा गया।

रात 12 बजते ही लोगों ने पटाखें छोडकर गर्मजोशी के साथ नए साल का स्वागत किया। वहीं सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं को दौर चला जोकि आज दिनभर चलता रहा। नववर्ष की सुबह होते ही लोगों के मोबाइल और बेसिक फोनों की घंटियां बजने लग गई। लोगों ने अपने रिश्तेदारों, परिचितों और मित्रों को नए साल की मुबारकबाद दी।

जोधपुर शहर में आज चारों ओर हैप्पी न्यू ईयर और नया साल मुबारक हो की स्वरलहरियां सुनाई दे रही थी। नए साल के जश्न के फोटो भी सोशल मीडिया पर अपलोड़ करते रहे। यह सिलसिला दिन भर जारी रहा। इधर शहर में हर वर्ष की भांति इस बार भी कई टैक्सी व सिटी बस चालकों ने अपने वाहनों को सजाया। फूल मालाओं से सजाकर यात्रियों की आवभगत की।

मंदिरो धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तनों का दौर

कई लोग नए साल पर मन्दिरों में दर्शन करने गए। नए साल पर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। रातानाडा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में आज बुधवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यहां सडक़ तक लंबी लाइनें लगी रही।

मंदिर में गजानन्द का विशेष शृंगार किया गया। मंदिर पुजारी महेश अबोटी ने बताया कि इस अवसर पर गणेश का अभिषेक, पूजन, ऋतु पुष्पों से शृंगार कर पौशाक पहनाई गई। वहीं भीतरी शहर जूनी धान मंडी स्थित गंगश्यामजी मंदिर में नए साल के उपलक्ष्य में ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। नियमित की जाने वाली पूजा के अलावा ठाकुरजी का पुष्प शृंगार का पौशाक पहनाई गई।

नशा मुक्ति का संकल्प लिया

रातानाडा स्थित श्री कृष्ण मंदिर में नव वर्ष पर युवाओं ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। मंदिर पुजारी हरिभाई गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में आने वाले सभी युवाओं को नशे की जगह योग करने का संकल्प दिलाया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष इंद्रसिंह सांखला ने बताया कि युवा पीढ़ी दिनोंदिन नशे की ओर आकर्षित हो रही है। ऐसे में नव वर्ष के अवसर पर मंदिर में सेल्फी पॉइंट बनाकर विशेषकर युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि सेल्फी पॉइंट में नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन लगाकर युवाओं को संकल्प दिलाया गया।

22 जनवरी के त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम पर चर्चा की

रेवदर के पास राजगढ़ में विश्व हिन्दू परिषद् की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

रेवदर, (कासं)। विश्व हिंदू परिषद राजगढ़ की बैठक मंगलवार रात को जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा की मौजूदगी में सम्पन्न हुई । बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई, साथ ही आगामी 22 जनवरी को विराट त्रिशूल दीक्षा को लेकर लक्ष्य दिया गया।

जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की रीति नीति और कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए बताया कि हिंदू समाज को मजबूत करने, हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्द्धन और प्रचार के उद्देश्य से विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा को लेकर त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम करवाया जाता है। बंजारा ने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में त्रिशूल दीक्षा करवाने को लेकर प्रेरित किया।

वहीं संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा में अध्यक्ष शैलेष घांची, उपाध्यक्ष गोपाल देवासी, प्रेमाराम माली, मंत्री विक्रम प्रजापत, सह मंत्री अशोक मेघवाल, संयोजक जगदीश घांची, सह संयोजक प्रवीण गोस्वामी, साप्ताहिक मिलन प्रमुख रेवाराम, सह प्रमुख ललित घांची, सुरक्षा प्रमुख महेंद्र घांची, सह सुरक्षा प्रमुख महेंद्र सेन, गोरक्षा प्रमुख भरत देवासी, सह प्रमुख नरेंद्र सिंह, बलोपासना प्रमुख अरविंद घांची, सह प्रमुख सिमन राणा, विद्यार्थी प्रमुख भावेश घांची, सह प्रमुख राधेश देवासी, प्रचार प्रसार प्रमुख रोहित माली, सह प्रमुख रगाराम मेघवाल को नियुक्त किया गया।

मोगड़ा तालाब में शव मिला

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती मोगड़ा गांव में आज दोपहर में एक युवक का शव मिला। शव दो दिन पुराना प्रतीत होने के साथ उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

आस पास के ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

विवेक विहार पुलिस ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली कि मोगड़ा गांव के तालाब मे एक व्यक्ति का शव पानी में नजर आ रहा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची और गोताखोरों को बुलाया गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया।

पानी में काई जमी होने से शव को बाहर निकालने में कुछ मशक्कत करनी पड़ी थी। शव की सूचना पर आस पास के ग्रामीण भी वहां एकत्र हो गए।

लोगों से मृतक के बारे में पहचान के प्रयास किए जा रहे है। दोपहर तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

पुलिस ने आरंभिक पड़ताल में बताया कि शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पानी में पड़ा रहने से शव पूरी तरह अकड़ गया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू

बालोतरा में 31 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा, (कासं)। संयुक्त शासन सचिव, परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर के आदेशों की अनुपालना में जिले में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया किया जायेगा। इस वर्ष भी माह की थीम ''परवाह'' है।

इसी क्रम में जिला परिवहन कार्यालय बालोतरा द्वारा सडक सुरक्षा माह का शुम्भारंभ करते हुए महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए महिला ए.एन. ट्रेनिग सेंटर, जेरला में आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी मीनाक्षी कैथरीन ने छात्राओं एवं कार्मिकों को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। परिवहन निरीक्षक राजेन्द्र मारू द्वारा छात्राओं को सिक्स ई के बारे में जानकारी दी गई। परिवहन निरीक्षक सुनिल इनकिया द्वारा छात्राओं को सडक सुरक्षा में घायल व्यक्तियों को समय रहते प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया जाकर जान बचाने के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई। मोटर ड्राईविग स्कूल से गौतम गहलोत द्वारा गुट सेमिरिटन के बारे में जानकारी दी है।

प्रधानाचार्य मदन जीनगर, सहायक प्रोग्रामर पारसमल चौहान, प्रदीप चावला एवं रेक्सेको गार्ड तथा यातायात सलाहकार उपस्थित रहे।

अवैध निर्माण पर कार्रवाई की

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चैधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोनवार अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही के क्रम में प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने ग्राम राजासनी में प्राधिकरण की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण पर कार्यवाही की।

तहसीलदार जोन-5 के निर्देशानुसार भू-अभिलेख निरीक्षक सुनील प्रसाद, पटवारी नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित मय जेडीए दस्ते ने सरपंच ग्राम पंचायत राजासनी के शिकायत पत्र में वर्णित ग्राम राजासनी के खसरा संख्या 3/2 मौका स्थल का मौका निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की भूमि पर अतिक्रमियों ने में पत्थर डालकर पत्थर तराशी का कार्य किया। जिसे अतिक्रमण निरोधक दस्तेने बंद करवा दिया।

मौके पर अप्रार्थी को सख्त हिदायत दी गई कि प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप डाले गये पत्थरों एवं अन्य सामान को स्वयं अपने स्तर पर हटा लें अन्यथा प्राधिकरण नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

सुनार पौने तीन किलो चांदी के आभूषण लेकर चंपत

जोधपुर, (कासं)। नागौर जिले से चांदी के आभूषण बनाकर जोधपुर लाए गए एक व्यक्ति के आभूषण एक सुनार लेकर चंपत हो गया। उसे पुलिस के चालान काटने का डर दिखाया और बाइक से नीचे उतार कर भाग निकला।

इस बारे में पीड़ित ने उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी है। आभूषण में चांदी के छड़े है जोकि वजन में पौने तीन किलो बताए गए है। उदयमंदिर थाने के एएसआई दिलीप सिंह के अनुसार नागौर जिले के श्रवण कंसारा पुत्र दामोदर कंसारा की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह चांदी के आभूषण बनाने का कार्य करता है। विनोद सोनी नाम के एक शख्स ने उसे कॉल कर चांदी के छड़े बनाकर जोधपुर लाने को कहा था। जिस पर वह 30 दिसम्बर को नागौर से पौने तीन किलो चांदी के छड़े बनाकर लाया था। यहां पावटा में उतरने के बाद विनोद सोनी नाम का शख्स उसे बाइक पर लेने आया था। अंसल प्लाजा पहुंचने पर कहा कि उसके हेलमेट नहीं पहना है और पुलिस चालान काटने के साथ चांदी जब्त कर लेगी। तब उसे कहा कि वह आभूषण उसे दे दें और आगे पैदल चलकर पहुंचे वह पीछे आ रहा था। इस पर परिवादी श्रवण कंसारा कुछ आगे तक पैदल गया, मगर बाद में विनोद नहीं पहुंचा और मोबाइल बंद कर दिया। उसके चांदी के आभूषण यानी छड़ा की जोडिय़ां लेकर चंपत हो गया।

एएसआई दिलीप सिंह के अनुसार चांदी के छड़ों का वजन तकरीबन पौने तीन किलो बताया है। आरोपी का फोन फिलहाल बंद आ रहा है। उसे जल्द ट्रेस किया जाएगा।

अमृता हाट आज से

पाली, (नि.सं.)। जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग पाली की ओर से अमृता हाट का शुभारंभ आज 2 जनवरी गुरूवार को सायं 4 बजे राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली के खेल मैदान में किया जायेगा।

उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग भागीरथ चौधरी ने बताया कि 7 दिवसीय इस मेले का आयोजन 8 जनवरी 2025 तक होगा।

उन्होंने बताया कि मेले का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा।

53 जनों ने रक्तदान किया

जोधपुर,(कासं)। मरहूम असलम मोहम्मद सेवा समिति व बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को खेतानाडी मे मरहूम असलम मोहम्मद की पहली बरसी पर आयोजित रक्तदान शिविर मे 53 लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का कार्य किया।

शिविर के संयोजक टीपू मोहम्मद व अजीम मोहम्मद ने बताया कि शिविर मे संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़ अयूब खान फुलवाले सुरेन्द्र सिंह भाटी महमूद अली साबिर शाह इमरान खान ताहिर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस अवसर पर वसिम खान आदम मोहम्मद मोहम्मद शहजाद शाहरुख खान सरताज मोहम्मद मोहम्मद आबिद शहजाद अली शौकत खान फिरोज जावेद अली आबिद अली हसन अरशद अली साबिर शाह अफजल फारुख जावेद रहीमुददीन कासम शोएब मोहसिन अनीस शाहजद रईस खान सोनू आसिफ बी के टी सहित 53 युवाओं ने रक्तदान किया । मथुरादास माथुर अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रह किया।

205 रोगियों की जांच की

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गोद ग्राम सालवा कला में निःशुल्क आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगाया।

संजीवनी चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. गोविंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संवर्धन में आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा की उपयोगिता के बारे में अवगत करवाया गया। शिविर में कमर दर्द, साइटिका, श्वास-कास, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, संधिवात, आमवात, जानुशूल, कब्ज, श्वेतप्रदर, अर्श, अफीम जन्य एवं तम्बाकू जन्य विषाक्तता आदि रोगों का उपचार किया। डॉ. दिलीप कुमार व्यास एवं डॉ. निवेदिता मिश्रा, डॉ. सिमरन, डॉ. राजवीर मीणा द्वारा लगभग 205 रोगियों का उपचार किया गया।

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान शर्मा ने बताया कि हरिद्वार के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद व ज्योतिष विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र कुमार एवं पुणे के प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. पूजा व डॉ. हेमलता परिहार व स्नातक अध्येता मोनिका, करिश्मा, प्रदीप सारण, राहुल, हर्षिता, जयश्री ने एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, इंफ्रा रेड, आदि द्वारा रोगियों का उपचार किया।

महिलाओं की रक्षा करेगी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट

पाली में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को पुलिस अधिकारी प्रदीप मोहन शर्मा, चूनाराम जाट ने हरी झंडी दिखाकर किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर में नववर्ष के मौके पर बुधवार को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का उद्घाटन प्रदीप मोहन शर्मा, चूनाराम जाट ने हरी झंडी दिखाकर किया। 10 स्कूटी पाली पुलिस को मिली है।

प्रशिक्षण प्राप्त महिला कांस्टेबल शहर के कॉलेज, स्कूलों के पास गश्त करेगी। ताकि महिलाओं-बालिकाओं से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तुरंत अमल में लाई जा सके।

बता दे कि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है। इसके साथ ही पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप में भी महिला सुरक्षा को लेकर नया फीचर एड किया गया है। जिसकी जानकारी पाली पुलिस कॉलेजों, स्कूलों में जाकर दे रही है और करीब 5 हजार महिलाओं और युवतियों को राजकॉप सिटीजन एप मोबाइल में अपलोड भी करवाया। इस दौरान ट्रॉफिक पुलिस को मिले इंटरसेप्टर वाहन का उद्घाटन भी किया गया।

पुलिस अधिकारी प्रदीप मोहन शउँमा ने कहा कि अक्सर सुनने में आता है कि स्कूल, कॉलेज से घर लौट रही युवतियों पर बदमाश प्रवृत्ति के युवा कमेंट करते हैं। ऐसे में लोकलाज और डर के मारे तो अधिकतर युवतियां-बालिकाएं अपने घर आकर परिजनों को बताती तक नहीं हैं। महिलाओं को भी बाजार में कई बार गलत कमेंट का शिकार होना पड़ता है। महिलाओं और युवतियों की इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया है, ताकि सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जा सके।

सार्वजनिक स्थलों, स्कूल व कॉलेज के आस-पास छेड़छाड़ व चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की नजर रहेगी। यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मी को स्कूटी, हेलमेट, वायरलेस सेट, नीली वर्दी मिली है। इनकी ड्रेस पर पीछे की साइड पर कालिका मोनोठ्राम भी लगाया जाएगा।

लोग नए साल के स्वागत में झूमे

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के डिस्ट्रिक्ट क्लब सहित शहर की कई होटलों में मंगलवार 31 दिसम्बर की शाम को न्यू ईयर 2025 के वेलकम का जश्न मनाया गया। पाली शहर के कई प्रमुख चौराहे आकर्षक रोशनी से सजे नजर आए। आकर्षक ड्रेस में सजे युवा न्यू ईयर मनाते नजर आए।

पाली शहर के डिस्ट्रिक्ट क्लब में कई हिंदी फिल्मों में गाना गा चुके बॉलीवुड स्टार लक्ष्य कपूर, सिंगर अदिति राठे, डांसर एक्टर आदित्या क्रेजी ने अपनी क्रेजी से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंग-बिरंगी लाइट्स में युवा इन कलाकारों की परफॉर्मेंस पर झूमते दिखे। एंकर क्रिशाना पांडे ने भी अपनी दमदार एंकरिंग से 31 दिसम्बर की नाइट में चार चांद लगा दिए। कलाकारों की दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियों पर लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। जैसे ही घड़ी में रात के 12 बजे सभी ने एक दूजे को हैप्पी न्यू ईयर कहकर नए साल की शुभकामना दी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। शाम होते ही डिस्ट्रिक्ट क्लब में क्लब सदस्यों और उनके परिवार के लोगों का आना शुरू हो गया। बॉलीवुड सिंगर लक्ष्य कपूर और अन्य कलाकारों का लाइव परफॉर्मेंस शुरू हुआ।

बांडी नदी में मिला शव

बांडी नदी में एक जने का शव मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। बुधवार दोपहर के समय बांडी नदी में एक जने का शव मिलने की सूचना पर सीओ सिटी देरावर सिंह सोडा, कोतवाली थाना प्रभारी किशोर सिंह भाटी सहित पुलिस टीम मौके पहुंची।

शव की पहचान सुभाष नगर निवासी कानाराम राम पुत्रः भीमाराम बंजारा रूप में हुई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।

परिजनों ने बताया कि कानाराम के मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते 25 दिसंबर को बिना बताए घर से निकल गए थे।

परिजनों ने अपने स्तर पर ढूंढने की बहुत कोशिश की लेकिन कोई मालूम नहीं पड़ा। परिजनों द्वारा औद्योगिक थाने में 27 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। बुधवार दोपहर को बांडी नदी के पास में बदबू आने के बाद देखा तो एक युवक शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बांगड़ हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

हत्या प्रयास के दो आरोपी चचेरे भाई गिरफ्तार

जोधपुर,(कासं)। फलोदी जिले की बाप थाना पुलिस ने टेकरा गांव स्थित जमीन पर कब्जा करने के लिए हवाई फायर और जेसीबी से कुचलने के प्रयास के मामले में दो और आरोपी चचेरे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इनसे वारदात में प्रयुक्त जेसीबी व कार बरामद की गई है।

■ टेकरा गांव स्थित जमीन पर कब्जा करने का मामला

थानाधिकारी सुखराम बिश्नोई ने बताया कि प्रकरण में मुख्य आरोपी टेकरा गांव निवासी प्रेमसिंह भाटी और चचेरे भाई रघुवीर सिंह भाटी को गिरफ्तार किया गया है। रघुवीर रिमांड पर है। उससे वारदात में प्रयुक्त जेसीबी बरामद की गई है। वो ही जेसीबी चालक था। प्रेमसिंह ने हथियार से पोटाश भरकर हवाई फायर किए थे। उससे कार बरामद की गई है। हथियार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

इससे पहले टेकरा गांव निवासी भीखसिंह व किशनसिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।